22.08.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल और बिहार में विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास।
- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी कल जबलपुर में राज्य के सबसे बड़े फ्लाईओवर का करेंगे लोकार्पण।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा प्रदेश में निवेशकों के लिए सभी सुविधाए दी जा रही है।
- प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी, अगले 24 घंटों के लिए कई जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट।

प्रधानमंत्री दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 5 हजार 200 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि 21 वीं सदी के भारत को 21वीं सदी के ट्रांसपोर्ट सिस्टम की जरूरत है–

इससे पहले प्रधानमंत्री ने बिहार के गया में 12 हज़ार करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया । इस मौके पर प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार रोधी विधेयक का विरोध करने के लिए विपक्षी दलों की तीखी आलोचना की। इस विधेयक में भ्रष्टाचार के आरोपों में दोषी पाए जाने और 30 दिनों से ज़्यादा जेल में रहने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को पद से हटाने का प्रावधान है।

लोकार्पण

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी कल जबलपुर में राज्य के सबसे बड़े और अत्याधुनिक फ्लाईओवर का लोकार्पण करेंगे। करीब 1 हजार 52 करोड़ की लागत से तैयार यह फ्लाईओवर मदनमहल से दमोह नाका तक फैला हुआ है और इसकी कुल लंबाई 6.855 किलोमीटर है। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी उपस्थित रहेंगे।

सरकार – चिप डिजाइन

केन्द्र सरकार ने देश में सेमीकंडक्टर डिजाइन क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए एक प्रोत्साहन योजना के तहत 23 चिप डिजाइन परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से निगरानी कैमरा, ऊर्जा मीटर, माइक्रोप्रोसेसर आईपी और नेटवर्किंग एप्लिकेशन के लिए स्वदेशी चिप और सिस्टम ऑन चिप का विकास किया जाएगा।

आजीविका फ्रेश

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व–सहायता समूहों का दो दिवसीय 'आजीविका फ्रेश' मेला कल से राजधानी के भोपाल हाट में आयोजित किया जा रहा है। मेले का शुभारंभ पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल करेंगे। मेले में विभिन्न जिलों से स्व–सहायता समूहों की दीदियों द्वारा रसायन रहित एवं जैविक तरीके से उगाये हुये कृषि एवं दुग्ध–उत्पादों सहित अन्य सामग्री का विक्रय सह प्रदर्शन किया जायेगा।

माइनिंग कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नई दिल्ली में निजी चैनल के द्वारा आयोजित वर्ल्ड लीडर फोरम 2025 में सहभागिता की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेशकों को उद्योग स्थापित करने के लिए सभी सुविधायें दी जा रही है।
वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल कटनी में मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 में प्रमुख निवेशकों व उद्योगपतियों से वन–टू–वन संवाद करेंगे।

गेमिंग विधेयक

ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025' पारित होने के बाद ड्रीम स्पोर्ट्स, गेम्सक्राफ्ट, मोबाइल प्रीमियर लीग और जूपी जैसी प्रमुख रियल मनी गेमिंग कंपनियों ने अपने गेमिंग प्लेटफॉर्म पर पैसों से खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम्स पर रोक लगाना शुरू कर दिया है। विधेयक में वित्तीय लाभ के लिए पैसे दांव पर लगाकर खेले जाने वाले कौशल–आधारित या अवसर –आधारित सभी ऑनलाइन मनी गेम्स पर प्रतिबंध लगाया गया है। भोपाल के कलाकार अभिनय नामदेव ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन व विनियमन विधेयक 2025 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ये एक सकारात्मक पहल है, क्योंकि बहुत से गेम, युवाओं को भटकाने का काम कर रहे थे। अब उन पर रोक लग सकेगी।

सर्वोच्च न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने आज दिल्ली–एनसीआर क्षेत्र में आवारा कुत्तों को पकड़ने और उनके पुनर्वास से जुडे अपने पूर्व निर्देशों में संशोधन करते हुये पकड़े गए आवारा कुत्तों को नसबंदी और टीकाकरण के बाद उनके इलाके में छोडे जाने के निर्देश दिये। वहीं रेबीज से संक्रमित या आक्रामक व्यवहार वाले कुत्तों को नहीं छोडा जाएगा। पीठ ने आवारा कुत्तों पर एक अखिल भारतीय नीति बनाने के लिए सभी केंद्र शासित प्रदेशों और राज्य सरकारों को पक्षकार बनाया है। विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित ऐसी सभी याचिकाएं सर्वोच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव रखा गया।

समझौता ज्ञापन

प्रदेश में श्रमिकों के कल्याण, शिक्षा और सामाजिक सहभागिता को बढ़ाने की दिशा में श्रम विभाग और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के मध्य एक समझौता ज्ञापन पर आज हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर सचिव श्रम विभाग रघुराज राजेंद्रन, यूएनएफपीए भूटान प्रतिनिधि एंड्रिया एम. वोज्नार उपस्थित थी। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य किशोरों और युवाओं के कल्याण को बढ़ावा देने और उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन कौशल में सुधार करने के लिए सहयोग करना है।

ज्योतिरादित्य सिंधिया

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी जिले के कोलारस में विभिन्न बाढ़ग्रस्त गांवों का दौरा कर स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे राहत और पुनर्वास कार्यों निरीक्षण किया। श्री सिंधिया ने संगेश्वर, लगदा, लालपुर और बाँसखेड़ा में पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता भी सौंपी और भरोसा दिलाया कि केंद्र व प्रदेश की सरकार हर संभव मदद करेगी।

## मौसम

प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी है। अशोकनगर जिले में बीते 24 घंटे से हो रही बारिश के चलते चंदेरी स्थित राजघाट डैम के 10 गेट खोले गए हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान उज्जैन, ग्वालियर, सागर, रीवा, शहडोल, और जबलपुर संभागों के जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। जबकि अन्य जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के शिवपुरी, गुना, रतलाम,भोपाल, मंडला, रायसेन सहित कई जिलों में बारिश दर्ज की गई। शिवपुरी, गुना और रतलाम 1–1 इंच बारिश दर्ज की गई।

## कुछ समाचार संक्षेप में .....

- झाबुआ में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने विभिन्न विद्यालयों में छात्रों को निःशुल्क साइकिलें वितरित कीं।

- बैतूल में आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन के लिए 25 अगस्त से 28 अगस्त तक ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

- खंडवा में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा कल "माटी गणेश सिद्ध गणेश" विषय पर विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

---------------